सहयोग है। साथ ही अप्रैल 2026 में दक्षिण कोरिया के साथ Special Strategic Partnership को अगले पांच वर्षों के लिए नई रणनीतिक दिशा दी गई, जबकि मई 2026 में वियतनाम के साथ Enhanced Comprehensive Strategic Partnership के तहत रक्षा खरीद, समुद्री सुरक्षा, साइबर सहयोग और हिंद-प्रशांत में समन्वय को और मजबूत किया गया। मई 2026 में ही नीदरलैंड के साथ भी संबंधों को Strategic Partnership तक ले जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी। यानी पाकिस्तान-तुर्किये-सऊदी अरब ने जहां एक त्रिकोण बनाया है, वहीं भारत ने इजराइल, फ्रांस, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, नीदरलैंड और खाड़ी के महत्वपूर्ण साझेदारों के साथ अलग-अलग लेकिन आपस में जुड़े रणनीतिक रिश्तों का ऐसा व्यापक नेटवर्क खड़ा किया है, जिसमें रक्षा तकनीक, मिसाइलें, समुद्री सुरक्षा, खुफिया सहयोग और रक्षा उत्पादन सभी शामिल हैं। हम आपको याद दिला दें कि ईरान युद्ध से ठीक पहले हुई प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा का सबसे बड़ा पहलू आधुनिक रक्षा तकनीक था। करीब 10 अरब डॉलर मूल्य के संभावित रक्षा सौदों में आयरन बीम जैसी लेजर आधारित वायु रक्षा प्रणाली, आयरन डोम, डेविड्स स्लिंग और एरो प्रणालियों की तकनीक, सटीक निर्देशित बम, लोइटरिंग म्यूनिशन, नौसैनिक रक्षा प्रणालियां और अत्याधुनिक ड्रोन शामिल हैं। इससे साफ है कि भारत केवल हथियार खरीदने की दिशा में नहीं, बल्कि अपनी दीर्घकालिक सैन्य वास्तुकला को इजराइली तकनीक के साथ जोड़ने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। कहानी यहीं खत्म नहीं होती। भारत-इजराइल सहयोग में 'होराइजन स्कैनिंग' जैसी AI आधारित व्यवस्था पर भी काम हो रहा है, जिसके जरिए भविष्य के सुरक्षा जोखिमों, सीमाई चुनौतियों और तकनीकी बदलावों का पहले से आकलन किया जा सकेगा। AI, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और साइबर सुरक्षा में संयुक्त शोध का अर्थ है कि भारत अपनी अगली पीढ़ी की सुरक्षा क्षमता केवल आज के युद्ध के लिए नहीं, बल्कि कल के युद्ध की प्रकृति को ध्यान में रखकर तैयार कर रहा है। साथ ही रक्षा उत्पादन में संयुक्त शोध, तकनीकी हस्तांतरण और घरेलू सह-उत्पादन 'आत्मनिर्भर भारत' को सैन्य शक्ति से जोड़ते हैं। इसी संदर्भ में इजराइल की प्रस्तावित 'He&agon of Alliances' अवधारणा भी महत्वपूर्ण हो जाती है, जिसमें भारत, इजराइल, ग्रीस, साइप्रस और अन्य साझेदारों के बीच सुरक्षा और आर्थिक सहयोग की परिकल्पना की गई है। इसका रणनीतिक संदेश यह है कि भारत पश्चिम एशिया और भूमध्यसागर में बन रहे नए शक्ति-संतुलन को केवल देख नहीं रहा, बल्कि अपने लिए वैकल्पिक रणनीतिक नेटवर्क भी तैयार कर रहा है। अब आते हैं मक्का संयुक्त रक्षा समझौते पर। सऊदी अरब, तुर्की और पाकिस्तान ने सामूहिक प्रतिरोध का संकल्प लेते हुए कहा है कि तीनों में से किसी एक पर सशस्त्र हमला सभी पर हमला माना जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक, तीनों देशों के पास संयुक्त रूप से करीब 14 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी, 3,415 विमान, 6,046 टैंक, 344 नौसैनिक परिसंपत्तियां और लगभग 124.4 अरब डॉलर का वार्षिक रक्षा बजट है। सऊदी अरब पूंजी और रणनीतिक भूगोल देता है, तुर्की रक्षा उद्योग, ड्रोन, मिसाइल और नौसैनिक तकनीक देता है, जबकि पाकिस्तान मानवबल, सैन्य अनुभव और परमाणु क्षमता लेकर आता है। लेकिन इस गठजोड़ को 'इस्लामिक नाटो' कह देना इसकी वास्तविक क्षमता का अंतिम प्रमाण नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि हमला होने की स्थिति में बाकी सदस्य वास्तव में कितनी और किस प्रकार की सैन्य सहायता देने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल अभी कोई स्थायी केंद्रीय संयुक्त सैन्य कमान स्थापित नहीं हुई है। यानी राजनीतिक घोषणा और वास्तविक संयुक्त युद्ध क्षमता के बीच अभी लंबी दूरी है। साथ ही पाकिस्तान, तुर्किये और सऊदी अरब के बीच बने नए रक्षा समीकरण को समझने के लिए केवल तीन देशों की सैन्य ताकत देखना काफी नहीं है। असली तस्वीर यह है कि पिछले एक साल में भारत ने भी अपनी रणनीतिक साझेदारियों और रक्षा सहयोग का दायरा तेजी से बढ़ाया है। अगस्त 2025 में भारत और फिलीपींस ने अपने संबंधों को औपचारिक रूप से Strategic Partnership यानि रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया। फरवरी 2026 में भारत-इजराइल संबंधों को Special Strategic Partnership for Peace, Innovation and Prosperity तक पहुँचाया गया। फरवरी में ही भारत और फ्रांस ने अपने रिश्तों को Special Global Strategic Partnership के स्तर तक पहुंचाया। मई 2026 में भारत और वियतनाम ने संबंधों को Enhanced Comprehensive Strategic Partnership में बदल दिया। यूएई के साथ जनवरी 2026 में दोनों देशों ने Strategic Defence Partnership स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। इन साझेदारियों की खासियत यह है कि ये केवल कागज पर कूटनीतिक घोषणाएं नहीं हैं।

आज का राशि फल

मेष राशि: आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा। आज खास लोगों के बीच किसी नई गतिविधि को लेकर गंभीर चर्चा होगी, जो कि सकारात्मक रहेगी। आज किसी मामले को लेकर विचारों में भावुकता रहेगी। आज कुछ लोग जलन की भावना से आपकी आलोचना कर सकते हैं।

वृष राशि: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज व्यवसायिक काम समय पर बनते जाएंगे। विदेश संबंधी व्यवसाय में परिस्थितियां आपके अनुकूल होने के आसार हैं। आज ऑफिस में सहयोगियों की कार्यकुशलता से टारगेट समय पर पूरा हो जाएगा।

मिथुन राशि: आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा। आज आपकी बातें दूसरों पर प्रभाव डालेगी। आज रोजमर्रा के कामों से हटकर कुछ नया सीखने में समय बीतेगा। प्रॉपर्टी या वाहन की खरीददारी में लाभ की बेहतर स्थिति बनेगी। आध्यात्म और धार्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। थोड़ी सी बात पर परेशान होने के बजाय उसका हल ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको सलूशन मिल जायेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

सिंह राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज व्यवसाय में अतिरिक्त आय का साधन बनने वाला है। अगर आपका साझेदारी में बिजनेस करने का प्लान है तो ये डील आपके लिए फायदेमंद होगी। अधिकतर समय मार्केटिंग और बाहर की गतिविधियों में बीतेगा। इस राशि के सरकारी नौकरी कर रहे लोग अपने कार्यभार से संतुष्ट रहेंगे। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा।

कन्या राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज ध्यान रखें कि अगर प्रयासरत कार्यों में समस्या आती है तो इसकी वजह आपकी एकाग्रता में कमी होगी। आज सम्मानित और प्रभावशाली लोगों के संपर्क में आने से आपको कई नए विषयों की जानकारी मिलेगी। आज घर के लिए इलेक्ट्रॉनिक वस्तु की खरीदारी संभव है। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित काम हल होगा। आज नकारात्मक लोगों से दूर रहेंगे और आलस की स्थिति से बचेंगे तो आपका काम समय से पूरा हो जायेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल हो जाएंगी। इस समय नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे। ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

धनु राशि: आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आप अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाने की योजना बनायेंगे। साथ ही आय बढ़ाने के लिए नया प्लान बनायेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनायेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे। इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी ऑफिशियल यात्रा संभव है।

कुंभ राशि: आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका दिन खुशनुमा बीतेगा। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर करने की जरूरत है, आपके काम की शिकायत कर सकता है। आज किसी से भी उलझने से आपको बचना चाहिए।

मीन राशि: आज आपको किसी अपने से अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। परिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा। मार्केटिंग की जॉब कर रहे लोगों से आज अच्छा क्लाइंट जुड़ेगा।

विकसित भारत, स्वर्ण आंध्रदृ 2047 हर व्यक्ति का लक्ष्य बनेः कलेक्टर

ओंगोल, पेन पावर, 13 अगस्तः जिला कलेक्टर पी. राजा बाबू ने लोगों से व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित कर विकसित भारत और स्वर्ण आंध्रदृ2047 के लक्ष्यों की प्राप्ति में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।गुरुवार को प्रकाशम भवन से मिनी स्टेडियम तक भव्य तिरंगा रैली आयोजित की गई। इसमें करीब 3,000 विद्यार्थी, सरकारी कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और आम नागरिक हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर शामिल हुए। रैली देशभक्ति के नारों के साथ आगे बढ़ी। मिनी स्टेडियम में आयोजित समापन कार्यक्रम में कलेक्टर राजा बाबू ने कहा कि आज का स्वतंत्र भारत महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से देश को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए पांच दिनों तक 'हर घर तिरंगा', सेल्फी अभियान, पौधारोपण और तिरंगा रैलियां जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर रैली में शामिल लोगों ने विकसित भारत और स्वर्ण आंध्रदृ2047 के लक्ष्यों में योगदान देने की शपथ ली। संयुक्त कलेक्टर कल्पना कुमारी सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने रैली में भाग लिया।

मतदाता सूची संशोधन पारदर्शी तरीके से पूरा करें

राजमहेंद्रवरम, पेन पावर, 13 अगस्तः पूर्वी गोदावरी जिले की मतदाता सूची पर्यवेक्षक के. माधवी लता ने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए पारदर्शी एवं विश्वसनीय अंतिम मतदाता सूची तैयार करने के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रहे तथा नोटिस, दावे और सुनवाई से संबंधित दस्तावेजों का उचित रिकॉर्ड रखा जाए। जिला कलेक्टर कीर्ति चेकुरी ने बताया कि ईआरओ द्वारा निपटाए गए नोटिस और दावों की गुणवत्ता जांच के लिए कलेक्ट्रेट में विशेष व्यवस्था की गई है। एएसडी मतदाता सूचियां मतदान केंद्रों और संबंधित तहसीलदार कार्यालयों में उपलब्ध कराई गई हैं तथा जिला वेबसाइट और भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर भी अपलोड की गई हैं। आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 30 अगस्त है। नोटिस और दावों के निपटारे की प्रक्रिया 28 सितंबर 2026 तक चलेगी। अंतिम मतदाता सूची 3 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

विजयवाड़ा में भव्य 'हर घर तिरंगा' रैली

विजयवाड़ा, पेन पावर, 13 अगस्तः स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए गुरुवार को विजयवाड़ा में भव्य 'हर घर तिरंगा' रैली आयोजित की गई। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित रैली कलेक्ट्रेट से शुरू होकर इंदिरा गांधी स्टेडियम तक पहुंची। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं, खिलाड़ियों, अधिकारियों, पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भाग लिया। इस दौरान "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों से शहर गूंज उठा। जिला कलेक्टर डॉ. जी. लक्ष्मीश ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए देश निर्माण में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने 2047 तक गांवों, शहरों, राज्य और देश के विकास के लिए अभी से लक्ष्य निर्धारित कर सामूहिक प्रयास करने की अपील की। पुलिस आयुक्त एस.वी. राजशेखर बाबू ने कहा कि तिरंगा रैली से देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना और मजबूत होगी। उन्होंने स्वर्ण आंध्रदृ2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। विजयवाड़ा नगर निगम आयुक्त एच.एम. ध्यान चंद्र ने कहा कि 'हर घर तिरंगा' की भावना को प्रत्येक घर और परिवार तक पहुंचाने में लोगों की भागीदारी सराहनीय है।

अंगदान जीवनदान हैः कलेक्टर राजाबाबू

ओंगोल, पेन पावर, 13 अगस्तः जिला कलेक्टर पी. राजा बाबू ने लोगों से अंगदान के लिए आगे आने और इस महान कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंगदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।
विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर किम्स हॉस्पिटल्स, ओंगोल की ओर से अंगदान के महत्व पर जागरूकता फैलाने के लिए 3 किलोमीटर की जागरूकता वॉक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर पी. राजा बाबू और जिला पुलिस अधीक्षक वी. हर्षवर्धन राजू ने कार्यक्रम में भाग लिया। ओंगोल डीएसपी रायपाटी श्रीनिवास राव ने वॉक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
डीएसपी श्रीनिवास राव ने कहा कि एक व्यक्ति के अंगदान से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने अंगदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई।
वॉक कलेक्टर कार्यालय से शुरू होकर एसपी कार्यालय तक चली। डॉक्टरों, चिकित्सा एवं नर्सिंग कर्मचारियों, मेडिकल छात्रों, स्वयंसेवकों और आम लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर प्लेकार्ड और नारों के माध्यम से अंगदान का संदेश दिया। कार्यक्रम में किम्स हॉस्पिटल के सीओओ के. अंकि रेड्डी, डॉ. टी. श्रीहरि रेड्डी, चिकित्सक एवं अन्य विशेषज्ञ शामिल हुए।

मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाएंः कलेक्टर

विजयवाड़ा, पेन पावर, 13 अगस्तः विजयवाड़ा जिला कलेक्टर डॉ. जी. लक्ष्मीश ने अधिकारियों को मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी लाने और आवेदनों का समय पर निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक यादव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में मतदान केंद्रों, मतदाता पंजीकरण तथा फॉर्म–6, 7 और 8 की समीक्षा की गई। 18 से 20 वर्ष के युवाओं के पंजीकरण के लिए कॉलेजों और शिक्षण संस्थानों में विशेष शिविर आयोजित करने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।
महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों की छोटी–छोटी समस्याओं का समाधान ईआरओध्एईआरओ स्तर पर ही करने को कहा गया, ताकि उन्हें दूरस्थ कार्यालयों में न जाना पड़े। कलेक्टर लक्ष्मीश ने बताया कि 57 प्रतिशत नोटिसों की डिलीवरी पूरी हो चुकी है। निर्धारित अवधि से लंबित लगभग 9,000 फॉर्म–6 और 6,000 फॉर्म–8 आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए 22, 23, 29 और 30 अगस्त को विशेष अभियान आयोजित किए जाएंगे।

मतदाता सूची का संशोधन पारदर्शी तरीके से पूरा करें

22, 23, 29 और 30 अगस्त को विशेष जागरूकता अभियान

काकीनाडा, पेन पावर, 13 अगस्तः जिला कलेक्टर एम. एन. हरेंधिर प्रसाद ने अधिकारियों को विशेष गहन मतदाता सूची संशोधनदृ2026 प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विवेक यादव की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में नोटिस जारी करने, बीएलओ बैठकों, मसौदा मतदाता सूची तथा फॉर्म–6, 7 और 8 की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी 1,822 मतदान केंद्रों के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं। कुल 31,695 नोटिसों में से 7,335 वितरित किए गए हैं, जबकि शेष 24,360 नोटिसों के वितरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है। नए मतदाता पंजीकरण के लिए 7,724 फॉर्म–6, नाम हटाने से संबंधित 219 फॉर्म–7 और विवरण संशोधन के लिए 5,174 फॉर्म–8 आवेदन लंबित हैं। इनका सत्यापन कर शीघ्र निपटारा किया जाएगा। मतदाता जागरूकता के लिए 22, 23, 29 और 30 अगस्त को बूथ स्तर पर विशेष अभियान आयोजित किए जाएंगे। दावे और आपत्तियां 30 अगस्त तक दर्ज की जा सकती हैं और उनका निपटारा 28 सितंबर तक किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची 3 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियां युवाओं के लिए प्रेरणादायक

गंडेपल्ली, पेन पावर, 13 अगस्तः भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान उपलब्धियों को याद करते हुए युवाओं में वैज्ञानिक सोच, तकनीकी कौशल और नवाचार की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से आदित्य विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवसदृ2026 भव्य रूप से मनाया गया।
कार्यक्रम का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (म्ब्) विभाग ने प्म्म् सिग्नल प्रोसेसिंग सोसाइटी स्टूडेंट ब्रांच चौप्टर और प्म्म् विशाखापट्टनम बे सेक्शन कॉमसैक जॉइंट चौप्टर के सहयोग से किया। आदित्य विश्वविद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
मुख्य अतिथि डॉ. टी. सुधीर कुमार ने अंतरिक्ष तकनीक में सिग्नल प्रोसेसिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उपग्रह संचार, रडार, सैटेलाइट इमेजिंग, रिमोट सेंसिंग और टेलीमेट्री के साथ–साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कंप्यूटर विजन जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी सिग्नल प्रोसेसिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों के लिए एआई आधारित पोस्टर एवं मॉडल प्रस्तुति तथा अंतरिक्ष तकनीक पर क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को पुरस्कार और प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डिप्टी प्रो–चांसलर डॉ. एम. श्रीनिवास रेड्डी, रजिस्ट्रार डॉ. जी. सुरेश, ईसीई विभागाध्यक्ष डॉ. सी. एच. जानकीदेवी, प्म्म् स्टूडेंट ब्रांच काउंसलर डॉ. वी. श्रीनिवास राव और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की डीन डॉ. जी. श्रीदेवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

मतदाता सूची पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

रम्पाचोडवरम, पेन पावर, 13 अगस्तः मतदाता सूची पर्यवेक्षक वी. प्रसन्न वेंकटेश ने गुरुवार को रम्पाचोडवरम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया की समीक्षा की।
उन्होंने मारेडुमिल्ली गांव के मतदान केंद्र संख्या 179 और कुट्रावाड़ा गांव के मतदान केंद्र संख्या 172 का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं की संख्या, जागरूकता कार्यक्रमों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का मतदाता के रूप में पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची में संशोधन और नाम हटाने की प्रक्रिया सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए।
इसके बाद उन्होंने पेद्दगेड्डा गांव स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। छात्र संख्या, शिक्षकों, पढ़ाई, भोजन की गुणवत्ता, कक्षाओं, रसोईघर, भंडारण कक्ष और स्वच्छता की समीक्षा की। उन्होंने निर्धारित मेन्यू के अनुसार विद्यार्थियों को प्रतिदिन ताजा और गर्म भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुरपति प्रशांत कुमार, आरडीओ के. स्वाति, तहसीलदार अम्माजी, उप तहसीलदार दोरकय्या और प्रधानाचार्य शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कोंडारेड्डी जनजातीय युवाओं के लिए 45 दिवसीय निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

रम्पाचोडवरम, 13 अगस्तः आईटीडीए परियोजना अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर एस. प्रशांत कुमार ने बताया कि कोंडारेड्डी (एसटी) जनजातीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ड्राई वॉल फॉल्स सीलिंग (डीडब्ल्यूएफसी) क्षेत्र में 45 दिवसीय निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 17 अगस्त से विजयवाड़ा में शुरू होगा। 18 से 35 वर्ष की आयु के कोंडारेड्डी (एसटी) पुरुष उम्मीदवार पात्र होंगे। कुल 20 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को निःशुल्क प्रशिक्षण, आवास एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वालों को एनएसडीसी प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा तथा रोजगार दिलाने में सहायता की जाएगी। प्रशिक्षण के बाद शुरुआती वेतन लगभग 15,000 प्रति माह तक मिलने की संभावना है। इच्छुक उम्मीदवार कल शाम तक आईटीडीए कार्यालय, रम्पाचोडवरम में पंजीकरण करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शिरीषा (6302131385) या एओ, आईटीडीए (9573938533) से संपर्क किया जा सकता है।

उम्र सिर्फ एक नंबर है, आत्मविश्वास व अंदाज कभी पुराने नहीं होते : ईशा कोप्पिकर

बढ़ती उम्र को लेकर अब लोगों की सोच भी बदल रही है। खासकर मनोरंजन जगत की अभिनेत्रियां अपने अनुभवों के साथ यह बताती नजर आती हैं कि उम्र किसी की खूबसूरती, आत्मविश्वास या पहचान तय नहीं करती। अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर भी इसी सोच को लेकर अपनी बात सामने रखती रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उम्र, आत्मविश्वास, फिटनेस, मातृत्व, प्यार और जिंदगी में आए बदलावों को लेकर खुलकर बात की। ईशा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ खूबसूरत और स्टाइलिश तस्वीरें पोस्ट कीं और कहा, "उम्र सिर्फ एक नंबर है। अब मैं पहले से थोड़ी ज्यादा आत्मविश्वासी, अपनी पसंद को लेकर ज्यादा सजग और खुद को लेकर पहले से ज्यादा बेबाक हूं। असली खूबसूरती और अंदाज उम्र में नहीं, बल्कि इस बात में है कि इंसान समय के साथ खुद को कितना बेहतर बनाता है।" ईशा ने लिखा, "मैं अब बेहतर चुनाव करती हूं, गहराई से प्यार करती हूं और जिंदगी के हर पड़ाव को खास बनाने की कोशिश करती हूं। मैं वही लड़की हूं, लेकिन अब मेरे स्टैंडर्ड बेहतर हैं, सपने बड़े हैं, आसपास लोगों की संख्या कम है और यादें पहले से ज्यादा हैं।'

ईशा की पोस्ट की पहली तस्वीर पर लिखा, तब भी पसंदीदा थीं और आज भी पसंदीदा हैं। इसके बाद ईशा ने अपनी वर्कआउट से जुड़ी तस्वीर साझा की। इसमें वह व्यायाम करती दिखाई दीं और तस्वीर पर लिखा था, फिटनेस को कुछ समय का शौक नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल बनाना भी अपने आप में खास है। 20 साल बाद भी मेहनत जारी है।

एक अन्य तस्वीर में ईशा ने मां होने के अनुभव को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। तस्वीर पर लिखा था, '"मां होना भी अपने आप में खास है और इसके बावजूद अपने भीतर की उस लड़की को जिंदा रखना भी जरूरी है।प्यार और रिश्तों को लेकर भी ईशा ने अपनी सोच साझा की।

उन्होंने लिखा, मैं आज भी प्यार में मिलने वाली उस खास खुशी और एहसास पर विश्वास करती हूं, लेकिन अब रिश्तों को लेकर मेरी पसंद और उम्मीदें पहले से बेहतर हैं। ईशा ने एक तस्वीर के साथ यादों को लेकर भी दिलचस्प बात कही।

उन्होंने लिखा, सिर्फ तस्वीरें जमा करने के बजाय यादें जमा करना खास है। हालांकि तस्वीरें भी अब काफी अच्छी आती हैं। अपनी तस्वीरों की इस पूरी सीरीज के आखिर में ईशा ने लिखा, 20 साल बाद भी पसंदीदा हूं और अब भी अपने अंदाज में खास हूं।

काम की बात करें तो ईशा कोप्पिकर ने हिंदी सिनेमा की कई चर्चित फिल्मों में काम किया है। वह 'फिजा', 'कंपनी', 'पिंजर', 'डॉन', 'सलाम-ए-इश्क', 'क्या कूल हैं हम' और 'एक विवाह... ऐसा भी' जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

नयनतारा ने की 'टॉक्सिक' की निर्देशक गीतू मोहनदास की जमकर तारीफ

बोलीं- 'वह हर कलाकार को अपना बना लेती हैं'

साउथ सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' को लेकर दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म में कन्नड़ सुपरस्टार यश मुख्य भूमिका में हैं, जबकि नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। फिल्म को लेकर चर्चा सिर्फ इसकी स्टारकास्ट और कहानी की वजह से नहीं है, बल्कि निर्देशक गीतू मोहनदास के काम करने के तरीके ने भी लोगों का ध्यान खींचा है। अब फिल्म की अभिनेत्री नयनतारा ने गीतू की तारीफ की है। हाल ही में 'टॉक्सिक' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में नयनतारा ने गीतू मोहनदास के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, अब तक सभी लोग गीतू की एक निर्देशक के तौर पर खूब तारीफ कर चुके हैं, लेकिन मैं उनके व्यक्तित्व के उस पहलू के बारे में बात करना चाहती हूं, जो शायद पर्दे के पीछे नजर आता है। गीतू सिर्फ कलाकारों से उनका काम नहीं करवातीं, बल्कि उनकी भावनाओं को समझती हैं और मुश्किल समय में उनके साथ खड़ी भी रहती हैं।

अभिनेत्री ने आगे कहा फिल्म की शूटिंग के दौरान कलाकारों को कई तरह की परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। किसी के लिए दिन अच्छा रहा तो किसी को मुश्किल सीन का सामना करना पड़ा। ऐसे समय में गीतू ने निर्देशक होने के साथ-साथ एक मजबूत सहारे की भूमिका भी निभाई। वह हर स्थिति में उनके साथ मौजूद रहीं। यही चीज गीतू को एक अलग तरह की निर्देशक बनाती है। वह अपने कलाकारों को केवल फिल्म का हिस्सा नहीं मानतीं, बल्कि उनके साथ एक भावनात्मक जुड़ाव भी बनाती हैं।

इस दौरान नयनतारा ने फिल्म की शूटिंग से जुड़ा एक भावुक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बताया, "एक बार शूटिंग के दौरान गीतू एक कलाकार को लेकर काफी भावुक हो गई थीं। वह अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाईं। इसके बाद वह उस कलाकार के साथ कुछ देर तक रही, ताकि उसे अकेला न महसूस हो।"

उन्होंने आगे बताया कि जब गीतू से वापस आईं, तो हमने

उनसे पूछा कि आखिर वहां क्या हुआ था। मुझे लगा कि शायद गीतू ने भावनाओं में आकर कुछ ऐसा कह दिया होगा, जो उन्हें नहीं कहना चाहिए था। मैंने उनसे पूछा, 'क्या हुआ? क्या आपने अपना आपा खो दिया? क्या आपने कुछ ऐसा कह दिया जो आपको नहीं कहना चाहिए था?' लेकिन गीतू ने बेहद सहजता से कहा, 'नहीं, मैंने बस प्यार दिया।

नयनतारा ने कहा कि गीतू जिस भी कलाकार के साथ काम करती हैं, उसके साथ एक खास रिश्ता बना लेती हैं।

बता दें कि 'टॉक्सिक' का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है और इसकी कहानी यश और गीतू मोहनदास ने मिलकर लिखी है। फिल्म में यश के साथ नयनतारा, कियारा आडवाणी, तारा सुतारिया, रुक्मिणी वसंत और हुमा कुरैशी नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग कन्नड़ और अंग्रेजी में की गई है और इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम समेत कई भाषाओं में डब किया गया है। केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी यह फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

बेटे करण संग सनी देओल ने जाना बंटवारे का सच कहा-नई पीढ़ी को समझना चाहिए

अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन में व्यस्त चल रहे हैं। बुधवार को उन्होंने बताया कि फिल्म के प्रमोशन के दौरान वे अमृतसर पार्टिशन म्यूजियम गए थे। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे अपने बेटे करण के साथ नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने इस वीडियो के जरिए बताया कि अमृतसर के म्यूजिम्यम में बंटवारे के समय की बहुत सारी कहानी देखने को मिली। अभिनेता ने लिखा, फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन के दौरान अमृतसर पार्टिशन म्यूजियम जाने का मौका मिला। वहां जाकर बंटवारे की ऐसी कई कहानियां जानने को मिलीं, जिनमें दर्द, हिम्मत, बिछड़ने और फिर से जीवन शुरू करने की बातें हैं। इन कहानियों को सुनकर एहसास होता है कि 1947 के बंटवारे ने लाखों लोगों की जिंदगी हमेशा के लिए बदल दी थी। इतिहास के कुछ पन्ने दर्द से भरे हैं लेकिन उन्हें याद रखना बहुत जरूरी है ताकि आने वाली

पीढ़ियां शांति, इंसानियत और एकता की कीमत समझ सकें। वाहेगुरु सब पर अपनी मेहर बनाए रखें।

हालांकि, अभिनेता की आगामी फिल्म 'बंटवारा 1947' भी भारत-पाकिस्तान विभाजन पर आधारित कहानी को बयां करती हैं। इसके जरिए निर्देशक राजकुमार संतोषी ने विभाजन के समय की कहानी को बयां करने की कोशिश की है। फिल्म की कहानी एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जिंदगी देश के बंटवारे के दौरान हुई हिंसा, डर और जबरन पलायन से पूरी तरह बदल जाती है। कहानी में उन लोगों की परेशानी दिखाई गई है, जिन्हें अपने घर और अपनी पुरानी जिंदगी को छोड़कर दूसरी जगह जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

कहानी यह बताने की कोशिश करती है कि जब समाज में डर और हिंसा बढ़ रही थी, तब भी कुछ लोगों ने इंसानियत को सबसे ऊपर रखा। फिल्म के जरिए उस दौर की उम्मीद और लोगों के संघर्ष को भी सामने लाने की कोशिश की गई है।

'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ शबाना आजमी, प्रीति जिंटा, अली फजल और अभिमन्यु सिंह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी ने किया है। 'बंटवारा 1947' को दुनियाभर में 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है।

सारा अली खान ने पंखे पर फेंक दी फेविकोल की बोतल, सस्पेंड होने की आ गई थी नौबत

बॉलीवुड में आने के बाद सारा अली खान अपनी फिल्मों के साथ-साथ मजाकिया अंदाज के लिए भी पहचानी जाती हैं। वह अक्सर इंटरव्यू में जिंदगी की छोटी-छोटी बातें बिना किसी हिचक के साझा करती रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने स्कूल के दिनों का ऐसा किस्सा शेयर किया था, जिसने सभी को हैरान कर दिया।

उन्होंने बताया था कि एक बार स्कूल में उन्होंने पंखे पर फेविकोल फेंक दी थी और बात इतनी बढ़ गई कि स्कूल से सस्पेंड किए जाने की नौबत आ गई थी। सारा अली खान का जन्म 12 अगस्त 1995 को मुंबई में हुआ। वह अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। उनका परिवार फिल्मों से जुड़ा रहा है। उन्होंने मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की और बाद में अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में इतिहास और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की। एक इंटरव्यू में उन्होंने स्कूल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि वह पढ़ाई में अच्छी थीं, लेकिन साथ ही काफी शरारती भी थीं। इसी इंटरव्यू में उन्होंने फेविकोल वाले किस्से का भी खुलासा किया। सारा ने बताया कि उन्हें जियोग्राफी की क्लास में ज्यादा दिलचस्पी नहीं थी। उसी दौरान उन्होंने गोंद की एक बोतल पंखे की तरफ फेंक दी। बोतल टूट गई और फेविकोल पंखे और उसके आसपास फैल गया। मामला इतना आगे बढ़ा कि सस्पेंड होने की नौबत आ गई थी।

पढ़ाई पूरी करने के बाद सारा ने अभिनय को करियर बनाने का फैसला किया। उन्होंने खुद बताया था कि कोलंबिया में पढ़ाई के दौरान ही उन्हें लगा कि वह अभिनेत्री बनना चाहती हैं। फिल्मों में आने से पहले उन्होंने अपने फिटनेस पर भी काफी काम किया। इसके बाद 2018 में उन्हें अभिषेक कपूर की फिल्म 'केदारनाथ' से बॉलीवुड में डेब्यू करने का मौका मिला। फिल्म में उनके साथ सुशांत सिंह राजपूत थे। सारा ने मुक्कू का किरदार निभाया और पहली ही फिल्म से दर्शकों का ध्यान खींचा।

उसी साल सारा की दूसरी फिल्म 'सिंबा' रिलीज हुई। रोहित शेट्टी की इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह थे।

'केदारनाथ' में गंभीर भूमिका के बाद 'सिंबा' में उनका चुलबुला अंदाज देखने को मिला। दोनों फिल्मों के एक ही साल में आने से सारा को शुरुआत में ही अलग-अलग तरह के किरदार करने का मौका मिला। 'केदारनाथ' के लिए उन्हें फिल्मफेयर, आइफा और स्क्रीन अवॉर्ड मिला।

इसके बाद सारा ने 'लव आज कल', 'कुली नंबर 1', 'अतरंगी रे', 'गैसलाइट', 'जरा हटके जरा बचके', 'मर्डर मुबारक', 'ऐ वतन मेरे वतन', 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' और 'स्काई फोर्स' जैसी फिल्मों में काम किया। 2025 में वह 'मेट्रो... इन दिनों' में भी नजर आईं। उनके करियर में कई उतार-चढ़ाव आए, लेकिन सारा लगातार फिल्मों में काम कर रही हैं।

कैसेट किंग गुलशन कुमार की मौत के 29 साल बाद भी कायम है ये विरासत

गुलशन कुमार ने अपने जीवन में संगीत जगत को नई ऊंचाई दी थी लेकिन उनकी मौत के 29 साल बाद उनकी सबसे बड़ी कमाई शायद किसी दुकान, कैसेट या फिल्म से नहीं बल्कि एक ऐसे माध्यम से हो रही है जिसकी उन्होंने अपने समय में कल्पना भी नहीं की होगी। उन्हें 'कैसेट किंग' कहा जाता था और उन्होंने भक्ति संगीत को 1980 और 1990 के दशक में सस्ते कैसेटों के जरिए घर-घर पहुंचाया और आज वही संगीत मोबाइल फोन और इंटरनेट पर अरबों बार देखा जा रहा है।

इसका सबसे बड़ा उदाहरण 'श्री हनुमान चालीसा' का वह वीडियो है, जिसमें गुलशन कुमार दिखाई देते हैं। मई 2011 में टी-सीरीज के भक्ति चैनल पर आया यह वीडियो नवंबर 2025 में 5 अरब व्यूज पार कर गया। यानी गुलशन कुमार के जाने के करीब 14 साल बाद उनका चेहरा एक ऐसे डिजिटल रिकॉर्ड का हिस्सा बना, जो दुनियाभर में चर्चा का विषय बना।

यहां कहानी सिर्फ 5 अरब व्यूज की नहीं है। दरअसल, यह वही बाजार है, जिसे गुलशन कुमार ने

अपने समय में पहचाना था। जब भारत में संगीत सुनने के लिए कैसेट खरीदे जाते थे, तब उन्होंने समझ लिया था कि भक्ति संगीत का बाजार बहुत बड़ा है। टी-सीरीज ने शुरुआती सालों में भजन और धार्मिक गीतों के कैसेट बड़े पैमाने पर निकाले। गुलशन कुमार की कारोबारी समझ यह थी कि संगीत केवल फिल्म देखने वाले लोगों की जरूरत नहीं है। मंदिर जाने वाला, घर में पूजा करने वाला और छोटे शहर में रहने वाला व्यक्ति भी संगीत का बड़ा ग्राहक हो सकता है। बाद में यही सोच टी-सीरीज के डिवोशनल कैटलॉग की बड़ी ताकत बनी।

'श्री हनुमान चालीसा' के डिजिटल सफर की बात करें, तो वीडियो 10 मई 2011 को जारी हुआ और 2020 में एक अरब व्यूज पार किए। 2023 में यह तीन अरब तक पहुंचा और नवंबर 2025 में पांच अरब के पार चला गया। उस समय मीडिया ने इसे भारत का पहला ऐसा यूट्यूब अपलोड बताया, जिसने पांच अरब व्यूज का आंकड़ा पार किया। ये हैरान करने वाला था। आमतौर पर किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसका नाम किताबों, पुरस्कारों या स्मारकों तक सीमित रहता है लेकिन गुलशन कुमार के मामले में ऐसा नहीं हुआ। उनका नाम एक चलती हुई कमर्शियल म्यूजिक लाइब्रेरी से जुड़ा रहा। पुराने भजन नए वीडियो बनकर आए, पुराने संगीत को नए डिजिटल प्लेटफॉर्म मिले और टी-सीरीज ने अपने डिवोशनल कंटेंट को इंटरनेट पर फैलाया।

गुलशन कुमार की विरासत का एक और हिस्सा इंस्टीट्यूट और अवॉर्ड्स के रूप में दिखाई देता है। गुलशन कुमार फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया का नाम सीधे उनके नाम पर है। 2019 में टी-सीरीज की एजुकेशनल विंग ने गुलशन कुमार अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस और गुलशन कुमार यंग अचीवर्स अवॉर्ड भी शुरू किए थे, यानी उनकी विरासत को एजुकेशन में भी इस्तेमाल किया गया।

उनके नाम का एक और बड़ा इस्तेमाल सिनेमा में होना है। 'मोगुल' के नाम से उनकी जिंदगी पर फिल्म बनाने की योजना लंबे समय से चल रही है। इस प्रोजेक्ट में अलग-अलग समय पर अक्षय कुमार और आमिर खान जैसे नाम जुड़े। 2025 में इसे नए सिरे से आगे बढ़ाने की खबर आई लेकिन फिल्म अब भी अटकी हुई है।

Printed and Published by **GANTYADA APPARAO** on behalf of **GANTYADA APPARAO**, Printed at Sri Sai Ganga Printers and Publishers Flat No: 504, Bharat Towers, 5th Lane, Dwaraka Nagar, Visakhaptanam, Andhra Pradesh-530016, and Published at H.NO: 38-4-216, MAHARANI STREET, MARRIPALEM, Visakhapatnam, Andhra Pradesh-530018, **Editor: GANTYADA APPARAO.** Mobile : 9059465965, **RNI : APHIN/26/A3657**, editorpenpower@gmail.com